# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION - FEBRUARY-2023

## SAMPLE QUESTION PAPER - PART - II

## HINDI

**HSE XII**

Max Scores : 80
Time : $2^1/_2$ Hours
Cool of Time 15 Minutes

**उम्मीदवारों केलिए सामान्य निर्देशः**

- लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है।
- प्रश्नों से परिचित होने केलिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने केलिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें।
- उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें।
- निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखेंः-

**सूचनाः 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । (5x1= 5)**

1. 'सूरीनाम में पहला दिन' किस विधा की रचना है?
   (कहानी, सफरनामा, आत्मकथा)

2. मातृभूमि किसकी रचना है?
   (जयशंकर प्रसाद, मैथिलीशरण गुप्त, निशाला)

3. गरीब मज़दूरिन अपने घर की रूपरेखा कहाँ खींचने लगी?
   (मन दीवार पर, काँक्रीट की ध्वत पर, खिडकी-दरवाजे पर)

4. इष्टदेव का इष्टनैवेदय क्या है?
   (कुमुद फूल, गुलाब, कमल)

5. राजवंती किस कहानी का पात्र है ?
   (अपराध, दवा, मुरकी उर्फ बुलाकी )

**सूचना- कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

"कुलि'। पुकारते ही
कोई मेरे अंदर चौका। एक आदमी
आकर खडा हो गया मेरे पास।
सामान सिर पर लादे
मेरे स्वाभिमान से दस कदम आगे

बढने लगा वह
जो कितनी ही यात्राओं में
ढो चुका था मेरा सामान।
मैंने उसके चेहरा से उसे
कभी नहीं पहचाना,
केवल उस नंबर से जाना

जो उसकी लाल कमीज़ पर टँका होता।
आज जब अपना सामान खुद उठाया़
एक आदमी का चेहरा याद आया ।

6. कवि कुली को कैसे पहचाना था? **(1)**
(नंबरसे, नाम से, मुख से)

7. सामान खुद उठाते वक्त कवि के दिमाग में कौन-सा विवेक पैदा हुआ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

**सूचनाः - 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें:-** **(2x2= 4)**

9. 'जिसके रज में लोट-लोट कर बडे हुए हैं।" हम कैसे बडे हुए है?

10. पारामारिबो शहर लेखक को भारतीय शहर जैसा लगा। क्यों?

11. बेटी के खत का बाप पर क्या असर हुआ?

12. पिता के सामने दो विदाईयाँ है। कौन-कौन सी विदाईयाँ है ?

**सूचनाः 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें:-** **(3x4= 12)**

13. जीवन-वृत्त पढ़ें और ओ एन वी कुरुप के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

**जीवन -वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | ओ एन वी कुरुप |
| भाषा | : | मलयालम |
| जन्म | : | 1931 कोल्लम, चवरा |
| रचनाएँ | : | दाहिक्कुन्न पानपात्रं, भूमिक्कोरु चरमगीतं । |
| पुरस्कार | : | (2007) ज्ञानपीठ, (2011) पद्मविभूषण |

**14. हाइकु पढ़ें और आशय लिखें ।**

नभ गुँजाती
नीड गिरे शिशु पै
मँडराती माँ ।

15. **ये कथन पढ़ें और 'बादशाह' के चरित्र पर चित्रण लिखिए ।**

- तीन दफा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया ।
- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोते हुँ ।

**16.** "मेरी जीत, तेरी जीत
तेरी हार, मेरी हार
सुन ये मेरे यार" - दोस्ती के महत्व पर टिप्पणी लिखें ।

**सूचना- गद्यांश पढ़ें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

कई वर्षों पहले हमने नियति को मिलने का एक वचन दिया था और अब समय आ गया है कि हम अपने वचन को निभाँए, पूरी तरह न सही, लेकिन बहुत हद तक आज रात बारह बजे जब सारी दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतन्त्रता की नई सुबह के साथ उठेगा। एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत ही कम आता है, जब हम पुराने को छोड की तरफ जाते हैं। जब एक युग का अंत होता है, और जब वर्षों से शोषित एक देश की आत्मा, अपनी बात कह सकती है, यह एक संयोग है कि इस पवित्र मौके पर हम समर्पण के साथ खुदु को भारत और उसको जनता की सेवा, और उससे भी बढ़कर सारी मानवता की सेवा करने केलिए प्रतिज्ञा ले रहे हैं।

17. आज रात बारह बजे के बाद भारत कैसे उठेगा ? **(2)**

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

**सूचना- 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (3x6= 18)**

19. खण्ड के हिन्दी में अनुवाद करें ।

Taj Mahal is a very famous building. It is one of the wonders of the world. It is situated at Agra on the right bank of the Yamuna. He was built by Shahjahan.

(Building - भवन, Wounder - आश्चर्य, Bank - तड)

20. लोखक और विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेनेवाले किसी भागीदार के बीच का वर्तालाप लिखिए ।

सहायक संकेत

- सम्मेलन का अनुभव
- राष्ट्रपति का भाषण
- हिन्दी का प्रचार

21. मान लें, आपके स्कूल में हिन्दी क्लब के द्वारा सितंबर 14 को 'हिन्दी दिवस' मना रहे हैं। इस समारोह का उद्घाटन शिक्षा मंत्री करेंगे । इसकेलिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

22. स्कूटरवाला जैसे लोगों को आपने देखा है ? वह अनुभव प्रस्तुत करें।

23. **सही मिलान करे : (8x1= 8)**

| | | |
|---|---|---|
| Cess | - | ठीकाकरण |
| Geography | - | श्रमिक संघ |
| Pattern | - | औसत |
| Average | - | उपकर |
| Ratio | - | बीज गणित |
| Vaccination | - | भूगोल |
| Algebra | - | प्रतिमान |
| Trade Union | - | अनुपात |

**सूचना : - 24 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।** **(2x8= 16)**

24. कवि अनंग के नए कविता-संग्रह का प्रकाशन हुआ है। कविता-संग्रह की बिक्री बढ़ाने केलिए एक विज्ञापन तैयार करें।।

- आकर्षक इनाम
- समकालीन कविताओं का संकलन
- आवश्यक बट्टा
- व्यंग्य और रोचक कविताएँ

25. पति द्वारा उपेक्षित होने पर मुरकी किसी दयालु व्यक्ति से भाडा लेकर राजवंती के यहाँ आती है। वहाँ मुरकी और राजवंती के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।

26. 'बालश्रम अभिशाप है' इस विषय पर आलेख तैयार करें।

- बच्चों का बचपन बचाओ
- बच्चों को पढाओ
- अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध-दिवस
- बालश्रम रोकने के उपाय

❖ ❖ ❖


1. **NISHA REVEENDRAN (RP), GHSS AMARAVATHY**
2. **MERCYKUTTY P. T, ST. MARY'S HSS VELLARAMKUNNU**
3. **ATHIRA V. St. XAVIER'S HSS CHEMMANNAR**
4. **ELSY K M. St. SEBASTIAN'S HSS CHEENTHALAR**
5. **SRUTHI P. REJI ,St. PHILOMINAS HSS UPPUTHARA**
6. **RAMYA KRISHNAN, GHSS NEDUMKANDAM**
7. **JOLLY JOSEPH, SJHSS VELLAYAMKUDY**
8. **LAKSHMI M G. GMRS PEERMADE**
9. **JESSY THOMAS, SMHSS MURIKKASSERY**
10. **T. RAILA, GHSS RAJAKUMARI**